ऐ श्याम तेरा मेरे घर पे,
सदा आना जाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे।।

तर्ज थाली भरकर लायी रे।

कुछ मांगू ना मैं और प्रभु,
सदा होती ये मुलाकात रहे,
मैं बोलूं कुछ तुम बोलो,
होती ये दिल की बात रहे,
बातों के जरिये मिलने का,
बातों के जरिये मिलने का,
कोई तो बहाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे।

ऐ श्याम तेरा मेरे घर पे,
सदा आना जाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे।।

मुझे धूल मिले तेरी चौखट की,
जिसे माथे रोज लगाता रहूं,
जबतक मैं हूँ दुनिया में,
तुझे गाके भजन रिझाता रहूं,
गर तुझको भाए भजन मेरे,
गर तुझको भाए भजन मेरे,
तो दिल में ठिकाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे।

ऐ श्याम तेरा मेरें घर पे,
सदा आना जाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे।।

जब जब आओगे घर मेरे,
मैं दुनिया को बतलाऊंगा,
मालिक मेरे घर आया,
मैं चरणों में बिछ जाऊंगा,
मेरे ऊपर मेरे मालिक की,
मेरे ऊपर मेरे मालिक की,
किरपा का खजाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे।

ऐ श्याम तेरा मेरें घर पे,
सदा आना जाना बना रहे,

तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे ।।

तेरा ही दिया तुझको अर्पण,
मेरा जो कुछ भी है तेरा है,
चाहे सुख चाहे दुख बाबा,
रौशनी चाहे अँधेरा है,
रोमी ना भूलें कभी तुझे,
रोमी ना भूलें कभी तुझे,
ये सदा दीवाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे ।

ऐ श्याम तेरा मेरें घर पे,
सदा आना जाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे ।।

ऐ श्याम तेरा मेरे घर पे,
सदा आना जाना बना रहे,
तू आए कभी मैं आऊं,
ये प्रेम पुराना बना रहे,
प्रेम पुराना बना रहे ।।

Singer : Romi Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/ae-shyam-tera-mere-ghar-pe-sada-aana-jana-bana-rahe/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw